

# जिले में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए किसानों को जागरूक किया जाए : जैन

## मऊगंज जिला वाटरशेड विकास सलाहकार समिति की बैठक आयोजित, कलेक्टर ने कृषि सिंचाई योजना वाटरशेड विकास घटक 2 .0 की समीक्षा की

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 29 अक्टूबर, मऊगंज कलेक्टर संजय कुमार जैन की अध्यक्षता में जिला वाटरशेड विकास सलाहकार समिति की बैठक में कृषि सिंचाई योजना वाटरशेड विकास घटक 2.0 के कार्यों की समीक्षा की गई. इस दौरान एवं अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक कराये गये कार्यों की वित्तीय व भौतिक प्रगति की समीक्षा के साथ ही हितग्राहीवार व कार्यवार अनुमोदन किया गया.**



कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर संजय कुमार जैन ने कहा कि कृषि उत्पादन प्रणाली के तहत सब्जी, पुष्प उत्पादक के लिये किसानों को प्रेरित करने के साथ ही फसल विविधीकरण हेतु जागरूक किया जाय. कृषक सदस्यों को एफपीओ की सदस्यता के लिये प्रेरित करने का कार्य भी प्राथमिकता से कराया जाय. कलेक्टर ने कहा कि जिले में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए गौपालन हेतु किसानों को अधिक से अधिक जागरूक किया जाय. जिले में गौशालाओं की संख्या काफी है जिनमें गौवंश संरक्षित किये गये हैं. गौशालाओं को भी आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्राथमिकता से कार्य किये जाय. उन्होंने खेत तालाब, रिचार्ज शाफ्ट, गेबियन तथा सिंचाई तालाब बैठक में बताया गया कि परियोजना क्रमांक-1 मऊगंज में विभिन्न वाटरशेड कमेटियों द्वारा 87.92 लाख रूपये से स्वीकृत कार्यों के विरूद्ध 56.84 रूपये से कार्यों में व्यय हुए. जबकि परियोजना क्रमांक-2 हनुमना में स्वीकृत 166.11 लाख रूपये के कार्यों के विरूद्ध 84.4889 लाख रूपये के कार्य कराये गये. कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पूर्ण कार्यों के पूर्णता प्रमाण पत्र जारी करते हुए अपूर्ण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करायें. आजीविका उन्नयन मद से सिलाई सेंटर, आयल मिल व डेयरी गतिविधियों के लिये स्वीकृत कार्यों में केवल डेयरी कार्य पूर्ण हुआ है शेष अप्रारंभ कार्य को प्रारंभ कराने के निर्देश बैठक में दिये गये. मुर्गीपालन, मियावाकी वृक्षारोपण तथा क्लस्टर आधारित सब्जी उत्पादन कार्यों की कार्ययोजना के साथ ही हितग्राही का अनुमोदन दिया गया. इस दौरान कई तरह के सुझाव भी दिये गये. बैठक में मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, डॉ. संजय सिंह सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे.

# रोजगार मेला आज, 25 कंपनियां करेंगी युवाओं का चयन

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 29 अक्टूबर, युवा संगम कार्यक्रम के तहत शासकीय शहीद केदारनाथ स्मृति महाविद्यालय मऊगंज में 30 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा.**

रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे. इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 25 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा. मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा तथा शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग निर्धारित की गई है. वेतन एवं भत्ते 14000 रुपए से 40 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है. वेतन एवं भत्ता विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग देय होगा. युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा.

उप संचालक ने बताया कि रोजगार मेले में मिग्मा पैकट्रॉन प्रा.लि. इंदौर, बजाज आटोमोबाइल प्रा. लिमिटेड औरंगाबाद, आयसर ट्रक एण्ड बस पीथमपुर, धार (म.प्र.), श्री राम पिस्टन एण्ड रिंग लि. पथरेडी राजस्थान, हायर अप्लीएन्सेस इंडिया लि. रंजनगांव पुणे, हायली आमधनी अप्लीएन्सेस लि. अहमदाबाद गुजरात, टाटा मोटर ऑटोमोबाइल कम्पनी अहमदाबाद गुजरात, प्रभा बायोप्लांट्स प्रा.लि. रीवा, एनजीएम पीजी भिवाड़ी राजस्थान, पीजी इलेक्ट्रो प्लांट इंडिया लि. पुणे, धूत ट्रान्समिशन औरंगाबाद, इंडिया इंस्टिट्रूट ऑफ स्कील्स डेव्लपमेन्ट गुजरात, संतारा कॉसमेटिक प्रा. लि. अहमदाबाद गुजरात, लेन्सकार्ट इंडिया बिलहरी राजस्थान, याजाकी इंडिया लि. हरियाणा, एमआरएफ लि. भारूच दहेज, आपोलो टायर्स लि. बड़ोदा गुजरात आएगी.

# जगतगुरु कृष्णाचार्य 4 नवम्बर को पहुंचेंगे चाकघाट

नवभारत न्यूज

**चाकघाट, 29 अक्टूबर, संत तथा ज्ञान विज्ञान व विद्वता की साक्षात प्रतिमूर्ति उत्तराखंड पीठाधीश्वर श्रीमद्जगद्गुरू रामानुजाचार्य स्वामी श्रीकृष्णाचार्य महाराज तथा युवराज स्वामी गोपालाचार्य महाराज प्रदेश के चाकघाट बॉर्डर स्थित पूजा आइस फैक्ट्री में 4 नवंबर से 13 नवंबर तक आयोजित श्रीमद् भागवत कथा हेतु 4 नवम्बर मंगलवार को प्रातः 8 बजे चाकघाट की धरती पर पहली बार आ रहे हैं.**

उसी दिन दोपहर 1:00 बजे से आयोजित कलश यात्रा में सम्मिलित होकर पूज्य जगद्गुरु स्वामी महाराज आम जनमानस को दर्शन देंगे. स्वामी के आगमन की तैयारीयां आयोजक मंडल रात दिन एक कर करने में जुटा हुआ है.उल्लेखनीय है कि प्रदेश के बॉर्डर स्थित पूजा आइसक्रीम फैक्ट्री परिसर में 4 नवंबर से 13 नवंबर तक श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है. जिसके मुख्य यजमान नारायण दास केसरवानी एवं श्रीमती गीता देवी केसरवानी हैं कथा में व्यास पीठ पर उत्तराखंड पीठाधीश्वर जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी कृष्णाचार्य महाराज के परम कृपापात्र युवराज स्वामी गोपालाचार्य महाराज विराजमान होकर ज्ञान भक्ति व वैराग्य की अमृतमयी कथा त्रिवेणी बहाएंगे कथा नित्य दोपहर 2:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक चलेगी कथा का समापन 13 नवंबर 25 गुरुवार को होगा तथा 14 नवंबर शुक्रवार को हवन एवं भंडारे का आयोजन किया गया. समस्त श्रद्धालुओं से 4 नवंबर को सुबह 8:00 बजे पहुंचकर स्वागत की अपील की गई है.

# सुधांधु रंजन द्विवेदी के निधन पर दी गई श्रद्धांजलि

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 29 अक्टूबर, हनुमान नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 13 ग्राम भाटी निवासी तथा वरिष्ठ अधिवक्ता भवानी शंकर द्विवेदी के इकलौते सुपुत्र माइनिंग इंस्पेक्टर रहे सुधांशु रंजन द्विवेदी का इलाज के दौरान निधन हो गया.**

उनके निधन से जहां समूचे नगर व क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई वहीं अंतिम संस्कार में भारी संख्या में लोगों ने सम्मिलित होकर अंतिम विदाई दी. विगत दिवस इलाज के दौरान निधन हो गया. श्री द्विवेदी के निधन पर विंध्य में जनसंघ के संस्थापक तथा लोकतंत्र सेनानी प्रख्यात नाड़ी विशेषज्ञ वरिष्ठ भाजपा नेता सरयू प्रसाद वैद्य, पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह बन्ना, हनुमान नगर परिषद अध्यक्ष सोनू आशुतोष गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील शुक्ला, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार मिश्रा, शिवदत्त मिश्र, ज्योति गुप्ता, राजेश गुप्ता, राकेश कुमार जायसवाल, श्रीमती शैलजा गुप्ता श्रीमती पूनम गुप्ता, श्रीमती सुशीला गुप्ता, राजेश सुमित गुप्ता, पवन पाल सिंघम, अभय विशाल गुप्ता, अंजलि लाल गुप्ता, देवराज जायसवाल आदि ने शोक व्यक्त किया.

# मूसलाधार झमाझम बारिश से धान की फसल हुई बर्बाद

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 29 अक्टूबर, समूचे मऊगंज जिले में बेमौसम भारी बारिश ने किसानों की कमर तोड़ दी है. विशेष रूप से धान की फसल को भारी नुकसान हुआ है, जिससे किसान हताश और चिंतित हैं.**

वहीं भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष हरिशंकर पांडे ने कहा है की बेमौसम हुई बारिश के चलते किसने की पैक कर खड़ी फसल नष्ट हो गई है जिससे किसान बर्बादी की कगार पर पहुंच गया है सरकार से मांग है कि किसानों को उनकी फसल की नुकसानी का मुआवजा दिया जाए. उल्लेखनीय जिले के मऊगंज नगर सहित हनुमना तथा नईगढ़ी कै विभिन्न गांवों में लगातार हुई तेज मूसलाधार बारिश के कारण खेतों खलिहानों में पानी भर गया है. कटाई के लिए तैयार धान की फसल पानी में डूब गई है, पकचुकी धान की बालियां झर गईं जिससे बालियां सड़ने का खतरा बढ़ गया है. कितने किसानों का तो खलिहान में भी कटकर धान आ चुकी थी फिर भी बारिश के चलते काफी नुकसान हो गया है. किसानों का कहना है कि उन्होंने कर्ज लेकर खेती की थी और अच्छी फसल की उम्मीद थी, लेकिन अचानक हुई इस बारिश ने उनकी सारी मेहनत पर पानी फेर दिया है. बेमौसम मूसलाधार बारिश पर चिंता जाहिर करते हुए भारतीय किसान संघ के मऊगंज जिला अध्यक्ष हरिशंकर पांडे ने कहा है कि अचानक हुई भीषण बारिश के चलते मऊगंज जिले का किसान बर्बादी की कगार पर आ गया है डॉक्टर मोहन यादव सरकार को चाहिए कि किसानों के नुकसान का मुआयना कराकर उचित मुआवजा राशि मुहैया करायें.



मनगवां एसडीओपी श्रीमती प्रतिभा शर्मा सम्बोधित करते हुए

# आयुक्त रीवा संभाग को पत्र सौंपकर कार्यवाही की मांग

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 29 अक्टूबर, देश बचाओ आध्यात्मिक राष्ट्रीय पुनर्रजागरण अभियान की प्रेस वार्ता सम्पन्न हुई. जिसमें संभागीय कमिश्नर रीवा संभाग रीवा के आदेश को निरस्त करने के संबंध में चर्चा की गई.**

05 सदस्यीय संगठन के पदाधिकानियों ने बताया कि फर्जी अनुकंपा नियुक्ति के मामले में तत्कालीन जिला शिक्षा अधिकारी सुदामालाल गुप्ता को निलंबित करने हेतु धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी गई थी जिस पर तत्काल कार्यवाही करते हुये 02.07.2025 को उन्हे निलंबित कर जन आक्रोस को शांत कर न्यायप्रियता का परिचय दिया गया था.

किन्तु लंबित न्याय प्रक्रिया के जारी रहने के बाद भी सुदामालाल गुप्ता को न केवल बहाल किया गया बल्कि संयुक्त संचालक लोक शिक्षण रीवा संभाग रीवा में सहायक संचालक जैसे सम्मानित पद पर पदस्थ कर शिक्षा जगत कलंकित करने का कार्य किया गया है. जिससे भ्रष्टाचार को पुरस्कृत और शिष्टाचार को नेस्तानाबूद करने का कार्य कर जांच प्रक्रिया को मजाक बनाकर तानाशाहियत का परिचय दिया है. इस दौरान वरिष्ठ मार्गदर्शक कर्दम ऋषि तिवारी, मार्गदर्शक उमाकांत पाण्डेय, वरिष्ठ संरक्षक विपिन सिंह, वरिष्ठ सहयोगी रामेश्वर गुप्ता एवं देश बचाओ आध्यात्मिक राष्ट्रीय पुनर्रजागरण अभियान के राष्ट्रीय प्रचारक मुन्द्रिका प्रसाद मौजूद थे.

### कमल नयन तिवारी को मातृशोक

मऊगंज, 29 अक्टूबर,



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के जिला संयोजक कमल नयन तिवारी की माता श्रीमती गुलाबती तिवारी निवासी करह पहाड़ी का लंबी बीमारी के बाद 28 अक्टूबर को इलाज के दौरान रीवा में निधन हो गया है. निधन पर परिवारजनों सहित शुभचिंतको ने दुख व्यक्त करते हुए शोक व्यक्त किया.

# कटरा में पुलिस ने चलाया नशा मुक्त अभियान

नवभारत न्यूज

**कटरा, 29 अक्टूबर, वर्तमान में रीवा जिला नशा के चपेट में है गांजा शराब और कोरेक्स हर गली हर मोहल्ले तक पहुंच रहा है ,युवा पीढ़ी नशेड़ी होती जा रही है जिससे अपराध भी बढ़ रहे हैं.**

जिले में हर दिन कहीं ना कहीं कोरेक्स और गांजा पकड़ा जा रहा है कोरेक्स और गांजा जितना पकड़ा जा रहा है उतनी ही आवक बढ रही है गांजा और कोरेक्स की इस अवैध तस्करी को पुलिस प्रशासन चाह कर भी रोक नहीं पा रही है. इसलिए अब पुलिस प्रशासन इसे रोकने के दूसरे तरीके आजमा रही है. मनगंवा अनुभाग की एसडीओपी प्रतिभा शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गढ़ अवनीश पांण्डेय कटरा बीट प्रभारी एएसआई सुखेंद्र सिंह द्वारा नशे के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया. जहां ग्राम पंचायत भवन कटरा एवं शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल कटरा में टीम सहित जाकर आम नागरिकों एवं छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रहने की नसीहत एसडीओपी महोदया ने दिया. कटरा विद्यालय में छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रहने मोबाइल में फालतू की चैटिंग और लव अफेयर से दूर रहकर अपना भविष्य संभालने की बात श्रीमती शर्मा ने कही. थाना प्रभारी गढ़ अवनीश पाण्डेय ने हेलमेट पहनने की नसीहत दी उन्होंने कहा कि वाहनों के ज्यादा हो जाने से आए दिन एक्सीडेंट हो रहे हैं प्रतिदिन हजारों लोगों की जाने जा रही हैं इसलिए हेलमेट जरूर पहनें ,बच्चे अपने पिता को जब भी वह बाहन लेकर बाहर निकले उन्हें हेलमेट पहनने के लिए जरूर कहें, छात्र-छात्राओं से कहा कि आप लोग नशे से दूर रहें यदि आपके आसपास कोई नशीली चीज बेंचता है तो उसे हमें जरूर बताएं, हम हफ्ते में एक बार आकर आप लोगों से जरूर मिलेंगे.

# लोकार्पण के पहले ही भवन में आईं दरारें

नवभारत न्यूज

**सिरमौर, 29 अक्टूबर, जनपद पंचायत सिरमौर के लिए नव निर्मित कार्यालय भवन का लोकार्पण 31 अक्टूबर को होने जा रहा है.**

लोकार्पण समारोह के मुख्य अतिथि रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा होंगे. जब कि विशिष्ट अतिथि विधायक दिव्यराज सिंह, सेमरिया विधायक अभय कुमार मिश्रा तथा मनगवां विधायक नरेंद्र प्रजापति होंगे. लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता रवीना साकेत जनपद अध्यक्ष सिरमौर करेंगी. बता दें कि भवन निर्माण एजेंसी द्वारा निर्माण कार्य में मापदण्डो का पालन नहीं किया गया है. पहली बात तो समय के अनुसार प्लिंथ हाइट नहीं दी गई है. जमीन लेवल से पिलर खड़े कर भवन का निर्माण कराया गया है. दूसरी गंभीर बात यह है कि प्रत्येक कमरे के अंदर दीवार में क्रैक है. ठेकेदार द्वारा पुताई में पोट्टी से दरार भरने का प्रयास किया गया है जो पुताई के बाद भी देखे जा सकते हैं. इस संबंध में पी आई यू के कार्यकारी कार्यपालन यंत्री से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि प्लिंथ हाइट मानदंड के अनुसार है.

# किसानों ने अर्धनग्न जल सत्यागह कर सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 29 अक्टूबर, राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ जिला इकाई मऊगंज एवं किसान यूनियन (टिकैत) जिला इकाई मऊगंज के संयुक्त तत्वाधान में मऊगंज सिंचाई उपसंभाग अन्तर्गत रकरी तालाब में किसानों द्वारा प्रातः 10 बजे से अर्धनग्न जल सत्याग्रह आन्दोलन प्रारम्भ किया गया.**



सिंचाई तालाबों में पानी न रहना वर्ष 2025-26 में वारिष के समय अतिवृष्टि से कई तालाब क्षतिग्रस्त हो गये हैं जिनकी मरम्मत हेतु कई बार आवेदन, ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया लेकिन शासन प्रशासन द्वारा सार्थक पहल न होने के कारण किसानों द्वारा अर्धनग्न जल सत्यागह आन्दोलन किया गया. साथ ही मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन कलेक्टर मऊगंज के प्रतिनिधि नायब तहसीलदार को समय 02 बजे सौंपा गया जिसमें राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ एक किसान यूनियन के पदाधिकारियों के साथ जिला संरक्षक दीनानाथ मिश्रा, जिला अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह सेंगर, महामंत्री गिरीश पटेल, जिला मार्गदर्शक राकेश रतन सिंह, जिला कोषाध्यक्ष बृज किशोर पटेल, ब्लाक अध्यक्ष राज उजागर पटेल, ब्लाक अध्यक्ष नईगढ़ी प्रहलाद सिंह, जिला मीडिया प्रभारी पंकज सिंह, संयुक्त किसान मोर्चा यूनियन टिकैत जिला अध्यक्ष डॉ. हीरालाल पटेल, राममणि पटेल, सरस्वती पटेल, रामानुज पटेल, नृपेन्द्र सिंह, चन्द्रभूषण सिंह, नीरज सिंह, राकेश सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह, शीतला प्रसाद यादव, शीतला पटेल मौजूद रहे.

# मध्यप्रदेश जोड़ो अभियान के तहत मऊगंज जिले में होंगी जनसभाएं

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 29 अक्टूबर, मध्यप्रदेश जोड़ो अभियान के अंतर्गत प्रदेश में जनता से सीधा संवाद स्थापित करने और जमीनी मुद्दों पर जनजागरण के उद्देश्य से पंडित उमेश त्रिपाठी द्वारा मऊगंज जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जनसभाओं का आयोजन किया जा रहा है.**

इस अभियान के तहत नवंबर माह में कुल 13 स्थानों पर सभाएं आयोजित की जाएंगी. जिनमें प्रत्येक कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों, युवाओं, किसानों और महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी. कार्यक्रम का शुभारंभ 1 नवंबर को पकरा से होगा, जिसके बाद 2 नवंबर को अमोखर, 4 नवंबर को देवतालाब, 5 नवंबर को मनीकवार, 7 नवंबर को नईगढ़ी, 8 नवंबर को सरदमन, 9 नवंबर को पहाड़ी, 11 नवंबर को बरांव, 12 नवंबर को सलैया, 13 नवंबर को रमनगरी, 15 नवंबर को पटपरा, 17 नवंबर को छुहिया, तथा अंतिम जनसभा 20 नवंबर को तडौरा में आयोजित की जाएगी.

# भारत को आत्मनिर्भर बनाने में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण : रणवीर

नवभारत न्यूज

**रीवा, 29 अक्टूबर, भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष एवं रीवा संभाग प्रभारी रणवीर सिंह रावत का आज प्रथम रीवा आगमन हुआ, जहां भाजपा कार्यालय अटल कुंज ढेकहा में भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में प्रदेश उपाध्यक्ष रणवीर सिंह रावत का स्वागत हुआ.**



रणवीर सिंह रावत ने कहा कि मैं रीवा से विशेष लगाव रखता हूं रीवा के कार्यकर्ता मध्य प्रदेश में संगठनात्मक मामलों में हमेशा अब्बल रहे हैं, मैं हमेशा ही खुद को आप के ही परिवार का सदस्य मानता हूं. श्री रावत ने कहा कि संभाग प्रभारी होने के नाते मैंने रीवा जिले के कार्यकर्ताओं से बहुत कुछ सीखा है मुझे हमेशा ही यहां के कार्यकर्ताओं द्वारा अपने पारिवारिक सदस्य की भांति स्नेह मिला है. भारतीय जनता पार्टी ही एक ऐसा दल है जहां एक साधारण से कार्यकर्ता को भी बड़ी जिम्मेदारी दी जा सकती है पार्टी ने मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी है मैं पूरी कोशिश करूंगा कि मैं इस जिम्मेदारी का बखूबी निर्वाहन करूं व केंद्रीय व प्रदेश नेतृत्व की अपेक्षाओं में खरा उतरने का प्रयास करूंगा. जिलाध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता ने कहा कि यह हम सबके लिए गौरव का विषय है कि रणवीर सिंह रावत को प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है श्री रणवीर सिंह रावत जी इसके पूर्व प्रदेश महामंत्री रहे तथा रीवा संभाग के प्रभारी के नाते आपने हमेशा ही हम सब रीवा के कार्यकर्ताओं का समय समय पर मार्गदर्शन किया है. मैं उम्मीद करता हूं कि हम रीवा जिले के कार्यकर्ताओं को उनका पर्याप्त मार्गदर्शन व सहयोग आगे भी प्राप्त होता रहेगा. युवा सम्मेलन में सतना जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय, सिरमौर विधायक दिव्यराज सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी डॉ अनिल पटेल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ममता गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती मनीषा पाठक, जिला महामंत्री उमाशंकर पटेल, जीवन लाल साकेत रहे.

# गुरु आश्रम चन्दई में प्रारंभ हुई भागवत कथा

नवभारत न्यूज

**चाकघाट 29 अक्टूबर। समीपस्थ ग्राम पंचायत चन्दई क्षेत्रांतर्गत गुरु आश्रम चन्दई में भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ, श्रीमद् भागवत कथा महायज्ञ 29 अक्टूबर को भव्य कलश यात्रा में चन्दई गांव के ही नहीं बल्कि क्षेत्र के समस्त हिंदू धर्मानुरागी बंधुओ ने इस कलश यात्रा में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।**

उक्त कथा आगामी 5 नवंबर तक अनवरत चलेगा । इस अवसर पर कथा व्यास आचार्य आश्रम नयागांव चित्रकूट के परम श्रद्धेय श्री 108 श्री युवराज स्वामी श्री बद्री प्रपन्नाचार्य जी महाराज को कलश यात्रा के दौरान भव्य साज- सज्जा से परिपूर्ण रथ पर विराजित कर पूरे गांव का भ्रमण कराया गया, तदुपरांत कथा यजमान वरिष्ठ कांग्रेसी नेता व पूर्व प्राचार्य अशोक



कुमार मिश्रा जी वह उनके अनुज अरविंद कुमार मिश्र (महाराज जी) ने कथा व्यास का आत्मीय स्वागत सत्कार किया, और क्षेत्र की जनता से करबद्ध प्रार्थना किया है, कि उक्त धार्मिक अनुष्ठान में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस महायज्ञ को सफल बनाएं, और अपनी सहभागिता से हमें एवं मेरे पूरे परिवार को उपकृत कर श्रीमद् भागवत महायज्ञ की कथा का रसपान कर पुण्य लाभ अर्जित करें ।

### ऐतिहासिक कन्या महाविद्यालय को बचाने कोठी कम्पाउंड क्षेत्र में उसे विस्तार दिया जाए : अजय खरे

**रीवा,** समता सम्पर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे ने कहा कि रीवा के ऐतिहासिक शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की जमीन के साथ खिलवाड़ बंद होना चाहिए. लंबे समय से महाविद्यालय की जमीन को इधर-उधर बांटने का गंदा खेल हो रहा है और उसे हटाने की तैयारी चल रही है. शासकीय कन्या महाविद्यालय करीब 64 साल पहले अस्तित्व में आया था. यह पहले शासकीय पीके स्कूल की बिल्डिंग के एक भाग में लगा करता था. करीब 60 साल पहले कोठी कंपाउंड में शासकीय कन्या महाविद्यालय को काफी जमीन आवंटित की गई थी. यह भारी विडंबना है कि कई साल पहले कन्या महाविद्यालय की जमीन के एक भाग को आयकर विभाग एवं उपभोक्ता न्यायालय के लिए उपलब्ध कराने से उसके व्यापक हितों की संभावनाएं कमजोर हो गईं. श्री खरे ने कहा कि शहर के मध्य में होने के कारण करीब 5 हजार लड़कियों को यहां आने जाने और पढने का पर्याप्त अवसर मिल रहा है. कोठी कम्पाउन्ड क्षेत्र में अभी काफी शासकीय भूमि है जिसे कन्या महाविद्यालय को उपलब्ध कराकर इसका पर्याप्त विकास किया जा सकता है. श्री खरे ने कहा कि अभी रिक्त हुआ जिला न्यायालय भवन भी कन्या महाविद्यालय की किसी संकाय के लिए उपलब्ध कराया जा सकता है. प्रदेश सरकार यहां कन्याओं के लिए विधि संकाय खोलकर इसकी अच्छी शुरुआत कर सकती है. देखने को मिल रहा है कि शहर की अधिकांश सरकारी जमीनों को पूंजीपतियों के हवाले किया जा रहा है. श्री खरे ने कहा कि कन्या महाविद्यालय के विकास के लिए ऐतिहासिक कोठी कम्पाउन्ड क्षेत्र को समर्पित कर देना चाहिए.